

Ms. Mithali Raj

Ms. Mithali Raj is a famous cricket player of India. She is the captain of Indian women's cricket team.

2. Born on December 3 1982, Ms. Mithali received her Bachelor of Arts form Osmania University, Hyderabad. She is widely recognized across the cricket playing countries for her batting abilities and also for leading the Indian team for almost 15 years.

3. Ms. Mithali broke the world record by scoring 214 runs in a test match in Taunton, England. She lead the Indian team successfully by winning the Asia cup for 3 Consecutive years. She is currently number one Batswoman in International Cricket Councils ranking. She has got all the records to her name in India and number three in the world. She represented world team XI in the game played at Lords England in 2014 and was declared women of the match. She has played 10 test matches scoring 663 runs at an average of 51; 153 ODIs scoring 4888 runs at an average of 48.88 and 47 T20s scoring 1267 at an average of 37.26.

4. Ms. Mithali is the recipient of several awards and honours including Arjuna Award in 2003; Castrol Award 2004; M. A Chidambaram Trophy (BCCI) 2007-2008; Best Asian Women Cricketer 2007and Sahara Indian Sports Award 2008-2009 and 2010.



सुश्री मिताली राज

सुश्री मिताली राज भारत की एक जानी-मानी क्रिकेट खिलाड़ी हैं। आप भारतीय महिला क्रिकेट टीम की कप्तान हैं।

2. आपका जन्म दिसम्बर 3, 1982 को हुआ था। आपने अपनी कला-स्नातक की उपाधि उस्मानिया विश्व विद्यालय, हैदराबाद से प्राप्त की है, क्रिकेट खेलने वाले देशों के बीच आपको व्यापक रूप से बल्लेबाजी की क्षमताओं के साथ-साथ पिछले लगभग 15 वर्षों से भारतीय टीम की अगुवाई करने के लिए जाना जाता है।

3. आपने टॉटन, इंगलैंड में खेले गए टेस्ट मैच में 214 रन बनाकर विश्व-कीर्तिमान ध्वस्त् कर दिया। आपने लगातार 3 बार एशिया कप में जीत दिलाकर भारतीय टीम की सफलतापूर्वक अगुवाई की। मौजूदा समय में, अंतर-राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आई सी सी) रैंकिग में आप नम्बर एक महिला-बल्लेबाज हैं। आपने भारत स्थित सभी रिकार्ड अपने नाम कर लिए हैं और विश्व में तीसरे नम्बर पर हैं। आपने वर्ष 2014 में लार्डस, इंग्लैंड में खेले गए गेम में विश्व-एकादश का प्रतिनिधित्व किया था और उसमें आपको वूमन-ऑव-द-मैच का खिताब मिला था। आपने 10 टेस्ट मैच खेले हैं जिसमें 51 के औसत से 663 रन; 153 एक दिवसीय क्रिकेट में 48.88 के औसत से 4888 रन; तथा 47 टवेन्टी-ट्वेन्टी मैचों में 37.26 के औसत से 1267 रन बनाए हैं।

4. आपको वर्ष 2003 में अर्जुन पुरस्कार; वर्ष 2004 में कैस्ट्रॉल अवार्ड; वर्ष 2007-2008 की एम.ए. चिदम्बरम ट्रॉफी (बी सी सी आई); वर्ष 2007 की सर्वोत्तम एशियन महिला खिलाड़ी का खिताब तथा वर्ष 2008-2009 और 2010 के सहारा इंडियन स्पोर्टस पुरस्कारों सहित कई पुरस्कारों और सम्मानों से नवाज़ा गया है।